भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 8

जिसका उत्तर दिनांक 02.02.2023 को दिया जाना है

वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केन्द्र (जीसीएनईपी) के काम की स्थिति

8 **श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :**

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा में ग्राम जसौर खेड़ी में वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केन्द्र (जीसीएनईपी) के काम की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) केंद्र को पूरी तरह से शुरू करने के लिए अंतिम नियत तिथि क्या है;

(ग) केंद्र को पूरी तरह से शुरू करने के लिए कुल कितना निवेश किया गया है;

(घ) क्या विभाग ने जसौर खेड़ी या आस-पास के क्षेत्रों में कोई सीएसआर गतिविधि शुरू की है/शुरू करने की योजना है; और

(ङ) क्या पिछले एक वर्ष में जीसीएनईपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में पिछली सरकार द्वारा दिये गए अनुमोदन की तुलना में कोई परिवर्तन किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) खेड़ी, जसौर, बहादुरगढ़, हरियाणा में "वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केन्द्र (जीसीएनईपी) की स्थापना" नामक परियोजना का चरण-I पूरा हो गया है। खेड़ी, जसौर, बहादुरगढ़, हरियाणा में "वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केन्द्र (जीसीएनईपी) का विकास" नामक परियोजना के चरण-II का निष्पादन कार्य शुरू हो गया है।

(ख) 30 सितम्बर 2023

(ग) केंद्र को पूरी तरह से शुरू करने के लिए रूपए 953.08 करोड़ का कुल निवेश है।

(घ) राजकीय कन्या महाविद्यालय, जसौर खेड़ी को पड़ोस विकास कार्यक्रम के तहत रूपए 50 लाख अंतरित किए गए।

(ङ) जी, नहीं।

* * * * *